तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 5 नवंबर 2024

11 राउत नाचा पूर्वजों द्वारा प्रदत्त अनमोल तोहफा : रमेश



12 त्योहार के बाद धान कटाई में आई तेजी थ्रेशर और...





## खबर संक्षेप



### अंडा में लक्ष्मी की प्रतिमा का विसर्जन

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंडा के गुढ़ी चौक में दीपावली पर्व पर माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। तीन दिवसीय पूजा-अर्चना के बाद विसर्जन जुलूस निकाला गया। गली भ्रमण के बाद गांव के शीतला तालाब में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर विसर्जन किया गया।

### पेंशनरों की बैठक आज

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा डौण्डीलोहारा की बैठक 5 नवम्बर को दोपहर 12.00 बजे से नया पेंशनर भवन, परियोजना कार्यालय के सामने डौण्डीलोहारा में रखा गया है। इस बैठक में बालोद जिला एवं तहसील डौण्डीलोहारा की सदस्यता पूर्ण करने, गत माह का आय-व्यय का हिसाब एवं सन 2025 के लिए पेंशनर जीवित रहने का प्रमाण पत्र भराया जावेगा। इसके लिए पेंशनर अपने साथ पीपीओ, आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं पासबुक की छायाप्रति व मोबाईल नंबर लेते आवें। जीवित रहने का फार्म दिनांक 5, 6, 7 व 8 नवम्बर को भराया जावेगा। जो पेंशनर बीमार हैं या बिस्तर पर हैं उनकी जानकारी उनके उत्तराधिकारी लेते आवे। ऐसे पेंशनर जो बैंक के मार्गदर्शन में लाइफ सर्टिफिकेट भरेंगे। ईपीएफ पेंशनर अपना फार्म भरकर ऑनलाईन फार्म जमा कर सकते है। यदि कोई पेंशनर का व्यक्तिगत समस्या का निराकरण के लिए चर्चा की जावेगी। सियाराम शार्वा अध्यक्ष तहसील पेंशनर समाज डौण्डीलोहारा ने एक लिखित प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए समस्त पेंशनरों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

### नवोदय में प्रवेश चयन परीक्षा ऑनलाइन पंजीकरण 9 तक

**बालोद।** शिक्षा सत्र 2025–26 में पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 11वीं में लेटरल एंट्री प्रवेश चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि 9 नवंबर तक निर्धारित की गई है। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय की प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 11वीं में लेटरल एंट्री प्रवेश परीक्षा की ऑनलाइन पंजीकरण करने की प्रक्रिया जवाहर नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट नवोदय डॉट जीओवी डॉट इन पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि शिक्षा सत्र 2024–25 में अध्ययनरत कक्षा 10वीं के छात्र–छात्राएँ जिनका जन्म 1 जून 2008 से 31 जुलाई 2010 तक है, ऐसे विद्यार्थी नवोदय विद्यालय में कक्षा 11वीं में चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए पात्र होंगे।

# पटाखा दुकान संचालक बगैर सफाई किए चलते बने, सरदार पटेल मैदान में चारों ओर फैला कचरा

## अधिकारी-कर्मचारियों ने शहर में कुछ दिन पहले ही चलाया था स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में दीपावली खत्म होने के बाद शहर व गांव की गलियों में पटाखों के कचरे तो लोगों ने स्वयं साफ दिए, लेकिन जिला मुख्यालय के सरदार पटेल मैदान में लगे पटाखों की दुकान के कचरे को साफ करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है और इस कारण सरदार पटेल मैदान, खेल मैदान में कचरा ही कचरा नजर आ रहा है।

जिले में अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा कुछ दिनों पहले ही स्वच्छता अभियान के साथ स्वच्छता को लेकर कई प्रकार के कार्यक्रम चलाए गए थे, लेकिन जिले में अन्य जगहों की बात छोड़े तो स्वयं जिला मुख्यालय में ही स्वच्छता की स्थिति गंभीर नजर आती है, जहां कुछ विशेष मौके पर स्वच्छता अभियान चलाकर फोटो खिंचवाने का काम तो कर दिया जाता है, लेकिन वास्तविक स्वच्छता जमीनी स्तर पर नजर नहीं आती।

जहां एक ओर स्वच्छता के लिए हजारों खर्च कर सामान लेने के साथ जागरूकता के लिए पोष्टर बैनर के साथ कई चिजों में हजारों रुपए खर्च कर दिया जाता है, लेकिन अंतिम में स्वच्छता का कड़ाई से पालन कराने में अधिकारी-कर्मचारी नाकाम रहते हैं जिसका उदाहरण सरदार पटेल मैदान में फैले कचरे से देखा जा सकता है। जिले में कई त्यौहार व मेले हैं जिसमें ऐसे ही कई दुकान लगी रहती है, ऐसे में विभाग को चाहिए कि हजारों रुपए जागरूकता व पोष्टर बैनर में खर्च करने ▶▶| शेष पेज 10 पर



### सफाई का कड़ाई से पालन कराये प्रशासन

जिले के प्रत्येक ग्राम में मेला या अन्य कई त्यौहारों पर ऐसे अस्थायी दुकानें लगेगी, इसलिए सफाई को लेकर कड़ाई से पालन कराया जाता है, तो जिले में स्वच्छता के लिए जागरूकता का कोई विशेष कार्यक्रम चलाना नहीं पड़ेगा और जागरूकता के लिए खर्च किए जाने वाले पैसे से लोगों को या ऐसे मेले या अस्थायी दुकानों को कचरा डब्बा प्रदान भी किया जा सकता है।



## हादसा : घायलों को भेजा गया अस्पताल, सभी खतरे से बाहर

# यात्रियों से भरी बस पलटी, 12 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- बस पलटते ही मची चीख-पुकार, राहगीरों की मदद से लोगों को बाहर निकाला गया

नगर के मुख्य मार्ग में सोमवार को दोपहर डेढ़ बजे अरिहंत हार्डवेयर के सामने दुर्ग से लोहारा आ रही मुस्कान ट्रेवल्स की बस क्रमांक सी जी 07 ई 1081 अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में बस में सवार कई लोगों को चोट लगी, जिसे तुरंत ही आमजनों व पुलिस ने 108 व अन्य साधन से नगर के शासकीय अस्पताल में ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। बस में लगभग 25 यात्री सवार थे, जिसमें से 12 यात्रियों को चोट पहुंची है, इसमें से 1 नौ माह की बच्ची व 1 नौ साल की लड़की भी शामिल हैं। गनीमत रही कि किसी को भी गंभीर चोट नहीं लगी। एक महिला रेखा साहू 35 के हाथ में फ़्रैक्चर व गाड़ी के कंडक्टर व बस मालिक अनिल साहू 62 वर्ष के सिर में चोट लगी है। बाकी सभी लोगों को पैर, सिर हाथ आदि विभिन्न स्थानों पर जख्म खरोच आयी है, जिनका उपचार नगर के शासकीय अस्पताल में किया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस धीमे रफ्तार से नगर की ओर आ रही थी कि अचानक से ही अनियंत्रित होकर मुख्य मार्ग से उतरकर नीचे खाली प्लाट की ओर जाने लगी व प्लाट में स्थित बिजली के खम्बे से टकराकर कंडक्टर साइड में पलट गई। यह सब इतनी तेजी से हुआ कि कुछ देर के लिए लोगों को व बस में सवार यात्रियों को कुछ पता भी नहीं चला, फिर घटना स्थल पर चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने व मार्ग से गुजरने वाले लोग तुरंत ही मदद को दौड़े, वहीं किसी ने पुलिस को सूचना दी तो पुलिस की टीम भी पहुंची व आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। लोगों ने बताया कि नगर के अंडी चौक के पास कुछ सवारियों को उतारकर गाड़ी धीमे रफ्तार से ही आगे बढ़ी थी, कि संभवतः मेन पट्टे के टूट जाने से स्टीयरिंग फेल हो गया और बस ड्राइवर के कंट्रोल से बाहर हो गई, जो अनियंत्रित होकर मार्ग से नीचे उतरकर एक बिजली खम्बे से टकराकर कंडक्टर साइड में पलट गयी। सभी यात्री एक के बाद एक सब कंडक्टर साइड की ओर ही गिरने लगे। लोगों की मदद से सबको बाहर निकाला गया। ऊपर वाले की कृपा से बड़ी घटना टल गई व किसी को ज्यादा चोट नहीं लगी।







### दुर्घटना में ये हुए घायल

दुर्घटना में घायल यात्रियों में मोनिका बाई 25 बासीन, रेखा बाई अर्जुन्दा 35, भुनेश्वरी फरदडीह 30, निर्मला डूंडेरा, मौलिक साहू 9 माह, भुपेश्वरी मालीघोरी, मोनिका बाई बासिन 25, अनिल साहू दुर्ग 62, द्रौपदी बाई उरेटा 35, लोकेश्वरी 50 भुरकाभाट, रेखा बाई गांधी नगर 25, यांशी अर्जुन्दा 9 वर्ष हैं। रेखा बाई अर्जुन्दा के हाथ में फ्रेक्चर की संभावना बताई जा रही थी, वहीं बस कंडक्टर अनिल साहू के सिर में चोट लगी है। वहीं सभी घायलों को मामूली जख्म व चोट लगी है, जिसका इलाज किया गया। विवेचना अधिकारी एएसआई अनितराम यादव ने बताया कि बस पलटने की सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची व घायलों को अस्पताल भेजा गया, आगे की कार्रवाई जारी है।

# हत्या का आरोपी युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/डौंडी

- दो अपचारी बालक के साथ घटना को दिया था अंजाम

पुलिस अधीक्षक एसआर भगत के निर्देशन एवं अति. पुलिस अक्षीक्षक अशोक कुमार जोशी एवं नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में थाना डौण्डी में धारा 103, 3(5) BNS के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी एवं दो विधि से संघर्षरत अपचारी बालकों को पकड़ा गया है। गौरतलब है कि प्रार्थी चितरंजन साहू पिता चमन लाल साहू 23 वर्ष साकिन वार्ड क्र. 10 पुराना बाजार दल्लीराजहरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 3 नवम्बर को यश कुमार निषाद के घर प्रार्थी अपने साथियों के साथ मोटर सायकिल से डौंडी पहुंचे और वहीं पर खाना बनाकर, खाना खाकर अपने दोस्तों के साथ टहलने निकले थे, कि ठाकुर देव स्थल डौंडी के पास डौंडी निवासी दो विधि से संघर्षरत अपचारी बालक एवं आशीष कुमार एक स्कूटी में पहुंचे एवं घूर कर देखने को लेकर दोनों पक्षों में वाद-विवाद हुआ, जिसे वहां पर मौजूद लोगों द्वारा समझाइश देकर मामला को शांत किया गया। बाद में पुनः राममंदिर के सामने मेनरोड के पास शाम करीब 5 बजे पहुंचे थे, चितरंजन साहू एवं उनके दोस्तों से डौंडी निवासी दो विधि से संघर्षरत अपचारी बालक एवं आशीष कुमार का पुनः वाद-विवाद हुआ। इसके बाद प्रार्थी व उनके साथी डरकर सब अलग-अलग रास्ते में बटकर यश कुमार निषाद के घर के पास पहुंचे। तभी मेहुल साहू, आकाश कुमार गंधर्व, शिवम भुआर्य, अभय गंधर्व बाजार चौक से यश कुमार के घर आते समय डौंडी निवासी दो विधि से संघर्षरत ▶▶| शेष पेज 10 पर

# मां लक्ष्मी की प्रतिमा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बजरंग पारा बाबा दरबार के पास धनोरा दुर्ग में इस साल भी धनतेरस के दिन बाल सखा मां लक्ष्मी उत्सव समिति द्वारा मां लक्ष्मी और गणेशजी की प्रतिमा स्थापित की गई। इस वर्ष भाई दूज के दिन दोपहर 12 बजे हवन संपन्न कर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। सोमवार को सुबह 10 बजे से झांकी के साथ गली भ्रमण करते हुए खनती तालाब पहुंचकर मां लक्ष्मी का विसजर्न किया गया। विसजर्न शोभा यात्रा में गांव के लोग इकट्ठा होकर माता रानी का जयकार लगाते हुए चलते रहे। इस समिति में मुख्य रूप से कार्यकर्ता बलराम, बबलू साहू, रमन साहू, भोलू साहू, चीन्टू साहू, लक्की पटेल, अजय हिरवानी, अवेद साहू, लक्ष्मण साहू, भुपेश साहू, महेंद्र पटेल, भोजराज, देवेन्द्र साहू, भुपेंद्र साहू, अंजोर साहू, रामेशवर साहू, भुपेंद्र संप्रे, कुंभकरण पटेल, अमर यादव, हीरामनी साहू, भोला साहू, भरत साहू, दुरगेन्दर साहू, फायर यादव, रुपेन्द्र साहू, खोमलाल ढीमर, देवराज यादव आदि मौजूद थे। यह जानकारी समिति के बलराम साहू एवं गुलाब साहू ने दी।



# राज्योत्सव में बिखरेगी लोक संस्कृति की छटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 5 नवंबर को स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम बालोद में आयोजित हो रहे कार्यक्रम का शुभारंभ 5 नवंबर को दोपहर 03 बजे से किया जाएगा। जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा होंगे। जिला स्तरीय राज्योत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सराबोर होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर की मयारु मोर लाटाबोड़, लोकरंग अर्जुन्दा और स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर महावीर अंग्रेजी माध्यम स्कूल द्वारा मोर छत्तीसगढ़ महतारी तोला बारम्बार प्रणाम हे, पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रवास द्वारा सेवा जोहार, संस्कार शाला द्वारा हमर सुग्घर छत्तीसगढ़, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कन्नेवाड़ा द्वारा करमा नृत्य सहित एकलव्य आवासीय विद्यालय डौंडी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेसिक शाला और स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय उपलब्धियों पर आधरित स्टॉल लगाया जाएगा। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आज जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम के सफल आयोजन के तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को भव्य एवं गरिमामय रूप से कार्यक्रम के आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी तैयारियों की विभागवार समीक्षा की।



## दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में मातर उत्सव धूमधाम से मनाया गया

# मातर में युवाओं ने दिखाए करतब, लोग हुए रोमांचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में भाई-दूज व मातर उत्सव धूमधाम से मनाया गया। यदु समाज और यादव समाज भाई चारा से शांतिपूर्ण से मातर उत्सव मनाई गई। भगवान श्रीकृष्ण और बलराम का वेशभूषण करके शोभायात्रा में यादव और यदु की टोली में सामाजिक युवक-युवतियों और बच्चों का राउत राचा आकर्षक रहा। दीपावली पर्व अंचल में उत्साह व उमंग से मनाया गया। इस वर्ष भी गोवर्धन पूजा और भाईदूज मातर उत्सव यादव समाज द्वारा विशेष सहयोग से मनाया गया। गोवर्धन पूजा के दिन यादव के अगुवाई में यादव बंधुओं की टोली ने बाजा के साथ घर-घर जाकर सोहई बांधने की परंपरा पूरा किया। ग्राम अंडा, चिंगरी, कुथरेल, विनायकपुर ,निकुम,जंजगिरी, चंदखुरी, ओटेबंद, सिरसिदा, परसदा, डंगनिया, नाहंदा, गुरेदा, देवरी ख, खप्परवाड़ा, तिरगा, झोला सहित अन्य गांव में हर्षोल्लास के साथ माता उत्सव मनाया गया। 3 नवंबर को भगवान श्रीकृष्ण, बलराम की शोभायात्रा निकाली गई। अखाड़ा की प्रस्तुति दी गई। सहाड़ा देव स्थल पर दोपहर में यादव समाज द्वारा गौ माता के पूजा पाठ करके मातर स्थल पर गौ माता को भ्रमण किया गया, और तुमा, कुम्हड़ा,को गौ माता के पैर में खुदा कर शाम को महा प्रसादी खिचड़ी बनाकर पूरे गांव वाले शांतिपूर्ण से एक जगह बैठकर प्रसाद का आनंद लिया।





### युवक-युवतियों ने राउत नाचा का किया प्रदर्शन

यदु समाज और यादव समाज के ओमप्रकाश यादव, चेतन यादव, भागवत यदु, बंशी यदु, संतोष यदु, गंजनंद यदु, जहरीत यदु, मयाराम यदु, दयाराम यदु, कोमल यदु, इन्द्रजीत, दुर्गेश, पियुष, लक्ष्मण, सुर्दशन यादव, फिरंगी यादव, संतोष, इंदल, पितांबर, गैंद सहित अन्य यादव समाज व अन्य युवक-युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में राउत नाचा का प्रदर्शन किया। राउतनाचा से लोग काफी प्रभावित हुए। शोभायात्रा प्रमुख मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल सहाड़ा देव परिसर पहुंचा। जहां मातर उत्सव का विशेष आकर्षण राउत नाचा का सभी समाज के महिला-पुरूष, बच्चों ने आनंद उठाकर खीर-खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस अवसर पर सरपंच पुष्पा देशमुख ने दिपावली पर्व की शुभकामनाए दी।

# पेंशनर समाज तहसील इकाई की बैठक कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

छत्तीसगढ़ राज्य पेंशनर समाज तहसील इकाई गुरुर की मासिक बैठक 6 नवंबर को 1 बजे से प्राथमिक विद्यालय भवन पुरुर में रखी गई है। पेंशनर समाज तहसील इकाई गुरुर अध्यक्ष सेवाराम तेजस्वी ने बताया बैठक में आय–व्यय की समीक्षा, जीवन प्रमाण पत्र संप्रेषित करना, दीपावली पर अनुभव प्रस्तुत करना, नये पेंशनरों का अभिनन्दन, पेंशनर दिवस का आयोजन, अन्य प्रस्ताव समयानुसार आमंत्रित होंगे।

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### कायस्थ समाज ने की भगवान चित्रगुप्त की पूजा

**रायपुर।** भाईदूज के अवसर पर कायस्थ समाज द्वारा न्यू शांतिनगर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त का पूजा-अर्चना की गई। साथ ही रविवार को शाम 5.30 बजे महाआरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। भगवान चित्रगुप्त के पूजन कार्यक्रम में समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। यह जानकारी समाज के संयोजक राजेश श्रीवास्तव ने देते हुए बताया कि कायस्थ समाज का दीपावली मिलन समारोह एवं विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 10 नवंबर को शाम 5 बजे से होटल प्रकाश पैलेस में होगा। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामप्रकाश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, अभय श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, डॉ. अनिल कुमार वर्मा, डॉ. अविनाश, विट्ठल श्रीवास्तव, राजेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव, नितिन खरे, मंजू वर्मा, डॉ. सीमा श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### मातर में अखाड़ा का किया प्रदर्शन




**रायपुर।** ग्राम मटिया में मातर कार्यक्रम में अखाड़ा का प्रदर्शन किया गया। विगत 30 वर्षों से इसका संचालन किया जा रहा है। मातर कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रायपुर उधोराम वर्मा के गृहग्राम में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि भीम वर्मा, रामचंद्र साहू, अतुल वर्मा, अखाड़ा समिति के अध्यक्ष, समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### गौरा-गौरी उत्सव आस्था का प्रतीक



रायपुर। प्राचीन दूधाधारी मठपारा के चिरंजीव तालाब में गौरा-गौरी का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने शानदार आयोजन किए, जिसमें पिछड़ा वर्ग संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर पहुंचे और उन्होंने कहा, गौरा-गौरी आस्था के प्रतीक हैं, भगवान शिव और पार्वती के अवतार हैं, पहले गणेशजी और दुर्गा माता की झांकी निकलती थी, लेकिन पिछले 25 वर्षों से यह परंपरा शुरू हो गई है और गौरा-गौरी की भी झांकी निकाली जाती है। इसमें विभिन्न मोहल्ले के आयोजक विसर्जन करने दूधाधारी मठपारा पहुंचते हैं। यह उत्सव मया देदे और मया लेले का त्योहार है। कार्यक्रम में पार्षद मनोज वर्मा, सतनाम सिंह, चंद्रपाल धनगर, सुमित दास, मल्लिका प्रजापति, जीवनलाल ध्रुव, गोपाल वर्मा, बजरंग धीवर आदि शामिल थे।

### दीपावली पर किया भंडारा, बांटी सामग्री



**रायपुर।** साधक परिवार द्वारा पर दीपावली के अवसर पर रविग्राम में भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे प्रार्थना, वंदना, आरती कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। पं. हेमंत शास्त्री ने इस अवसर पर भगवान की महिमा व दिवाली पर्व पर दीप की महिमा बताकर साधक परिवार के उद्देश्य को सुंदर ढंग से समझाया। कार्यक्रम में शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिर लाल महाराज की विशेष उपस्थिति रही। साधक परिवार ने जरूरतमंद परिवारों में दीये, बाती, तेल, चावल, दाल, खजूर, पोहा, आटा, मिठाई एवं वस्त्र वितरित किए गए। आयोजन में संत युधिष्ठिर महाराज,पं. हेमंत शास्त्री, शक्तिधाम के मोहन लाल तेजवानी, सिंधु शक्ति के किशोर आहूजा, भाजपा के मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी, सिंधी समाज के शंकर लाल दानवानी, साधक परिवार के हरेश गोविंदानी, विजय अमरानी, मनोज गोगिया, डी. नारायण राव, यशवंत वर्मा सहित महिला मंडल की बहनें और बाल संस्कार के सेवादारी उपस्थित रहे।

# बारिश खत्म, धीमे-धीमे तापमान में गिरावट, आउटर में ठंड का अहसास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश में बारिश की गतिविधि समाप्त होने के बाद रात के तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो गया है। इसके प्रभाव से बाहरी इलाकों में हल्की ठंड का अहसास होने लगा है। अभी अंबिकापुर में तापमान सामान्य से डेढ़ डिग्री कम हो चुका है, मगर राजधानी का पारा चार डिग्री चढ़ा हुआ है।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक दिन की तुलना में रात की लंबाई में वृद्धि हो रही है, जिसकी वजह से जमीन को ठंडा होने का वक्त मिलने लगा है। इसकी वजह से रात के तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो गया। माना जा रहा है कि न्यूनतम तापमान में अभी बड़ी गिरावट तो नहीं होगी, मगर कमी आने का दौर जारी रहेगा। अब तक बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी की वजह से बादल छाए हुए थे और कहीं-कहीं बारिश भी हो रही थी। एक नवंबर से वर्षा की गतिविधि पर पूर्ण विराम लग गया है। इसके बाद रात के तापमान में पुनः गिरावट होने की संभावना बढ़ गई है। अभी शहर के मध्य इलाकों में वाहनों की आवाजाही अधिक होने की वजह से गर्मी महसूस हो रही है, मगर आउटर में हल्की ठंड महसूस होने लगी है। सरगुजा संभाग में सुबह के वक्त हल्की ठंड की दस्तक हो चुकी है। यहां का तापमान सामान्य से डेढ़ डिग्री तक नीचे जा चुका है, जबकि रायपुर समेत अन्य शहरों का तापमान सामान्य से काफी अधिक है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर का न्यूनतम तापमान 23.3 जो सामान्य से 4 डिग्री अधिक तथा दिन का अधिकतम तापमान 34.1 सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया है। अगले चौबीस घंटे में न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट संभावित है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

### अंबिकापुर में डेढ़ डिग्री कम हुआ पारा, शहर में चार डिग्री ज्यादा

#### 89 साल पहले सबसे ज्यादा और सबसे कम

रायपुर में 89 साल पहले यानी 1935 में नवंबर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री 22 नवंबर को दर्ज किया गया था। इसी तरह 1935 में ही 2 नवंबर को तापमान 35.6 डिग्री दर्ज किया गया था। वर्ष 1924 को सर्वाधिक मासिक वर्षा 138 मिमी. हुई थी और चौबीस घंटे में सबसे ज्यादा 70 मिमी. वर्षा 2 नवंबर 1930 में हुई थी।



फाइल फोटो

## सब्जी विक्रेताओं को उचित मूल्य, लोगों को हरी सब्जी दिलाने की मुहिम फेल

# 1.28 करोड़ के उपभोक्ता बाजार में नहीं लौटे सब्जी उत्पादक, मंडी बोर्ड 4 साल में नहीं ले पाया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

किसानों के लिए उपभोक्ता बाजार बनवाने के बाद कृषि मंडी बोर्ड भूल गया है। किसानों से फीडबैक लिए बिना पंडरी और गंजपारा में 150 से ज्यादा दुकानें बनवा दी गईं। 6 साल पहले बाजार का शुभारंभ करवाने के बाद अब जिम्मेदार किसानों को बाजार से जोड़ने में नाकाम हैं। इससे चार साल से बाजार में सन्नाटा पसरा है। किसान बाजार में सब्जी लेकर आने का जोखिम अभी भी नहीं उठाना चाहते। इससे लोगों को किसानों से रोज हरी-सब्जी खरीदने की सुविधा भी नहीं मिल रही है।

राजधानी में कृषि उपज मंडी बोर्ड ने शासन के आदेश पर करीब 6 साल पहले पंडरी में करीब 96, गंजपारा में 60 दुकानों का निर्माण करवाने पर क्रमशः 92 व 36 लाख रुपए यानी 1.28 करोड़ खर्च किया। विगत चार साल से सब्जी बाजार वीरान पड़ा है। दोनों ही क्षेत्र में शहर के आसपास बाड़ी में सब्जी बेचने वालों को निःशुल्क बाजार देने के लिए किया गया प्रयास इस कारण भी फेल हुआ, क्योंकि कोविड के दौरान किसानों और थोक सब्जी विक्रेताओं के बीच बाड़ी से सब्जी लेन-देन का नया सिलसिला शुरू हो गया। इसे देखते हुए किसानों ने व्यापारियों को बाड़ी से ही सब्जी बेचना शुरू कर दिया। इससे सब्जी उत्पादक बाजार तक आने से बचने लगे, क्योंकि उन्हें घर बैठे उचित मूल्य मिलने लगा और गाड़ी भाड़ा भी बच रहा है। नतीजा, रोजगार देने के लिए चलाई गई मुहिम फेल होने से बाजार उजाड़ का हिस्सा बन गया है।



### सही मूल्य दिलाने की पहल

शहर के आस-पास बाड़ी में सब्जी की खेती करने वाले किसानों को कोचियों से बचाने और सही मूल्य दिलाने के लिए सरकार ने बाजार बनवाया। पंडरी में बाजार शुरू होने से लोगों का अच्छा रिस्पांस भी मिल रहा था। देवेन्द्र नगर, राजातालाब ,लोधीपारा, फाफाडीह सहित आस-पास के लोग सब्जी लेने पहुंचते थे। सालभर से भी ज्यादा समय तक बाजार गुलजार रहा। इस बीच कोविड शुरू हुआ व बाजार में किसानों को आने की मनाही ने उसे विरान किया। अब व्यापारियों व किसानों में लेन-देन शुरू होने से वे उपभोक्ता बाजार में नहीं आए।

### नहीं शुरू हुआ यह बाजार

रामसागर पारा, समता कॉलोनी, बढ़ईपारा सहित आस-पास के लोगों को गंजपारा में बनवाए किसान उपभोक्ता बाजार से जोड़ने के लिए निर्माण में बड़ी लापरवाही हुई। पार्किंग की स्थिति जांचे बिना बाजार बनवाने से किसानों ने वहां आने से इंकार किया। इसके चलते बाजार बनने के बाद शुरू नहीं हुआ। इसके लिए बोर्ड ने कई बार निगम से जमीन मांगा, मगर प्रक्रिया जुबानी रह गई। इससे दोनों बाजारों का बुराहाल है। गंजपारा में बनवाए गए बाजार में आस-पास कारोबार करने वाले सामान रखने लगे हैं, इसलिए भी बाजार शुरू नहीं हुआ।

### प्रभारी तय किया हैं, करेंगे प्रयास

उपभोक्ता बाजार में सब्जी उत्पादकों को वापस लाने के लिए कई बार प्रयास जारी है। इसके लिए बोर्ड ने प्रभारी भी तय किया है। उनके माध्यम से धान की कटाई के बाद एक बार फिर नए सिरे से बाजार शुरू करवाने के लिए संयुक्त रूप से प्रयास किया जाएगा।

**- प्रदीप शुक्ला,** सचिव, कृषि उपज मंडी, रायपुर

### बाजार के लिए प्रभारी तय

मंडी बोर्ड ने सब्जी उत्पादकों को बाजार में वापस लाने के लिए कई बार प्रयास किया। हर बार किसानों ने बहाना करते हुए अधिकारियों को टालने का प्रयास किया। नए लोगों को बाजार में बैठाने का प्रयास भी फेल हो गया। इसके बाद बाजार शुरू हो इसके लिए बोर्ड के जिम्मेदारों ने उपभोक्ता बाजार का संचालन करने के लिए प्रभारी नियुक्त किया है। अब दावा किया जा रहा है कि धान की फसल कटाई के बाद दोनों बाजार को शुरू किया जाएगा। बोर्ड के सूत्रों ने बताया कि बाजार को शुरू करवाने के लिए अंतिम बार प्रयास किया जाएगा।

## 30 हजार के पटाखे जब्त

# ट्रेन में पटाखे लेकर सफर करने वाले यात्रियों को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर





■ ट्रेनों में जांच के दौरान आरपीएफ ने ज्वलनशील पदार्थ रखे यात्रियों पर की कार्रवाई

दीपावली के दौरान ट्रेन में पटाखे लेकर सफर करना यात्रियों को भारी पड़ गया। आरपीएफ ने जांच के दौरान ज्वलनशील पदार्थ के साथ सफर करने वाले यात्रियों पर कार्रवाई की है।

कई यात्रियों को जानकारी नहीं होती कि ट्रेन में पटाखे लेकर सफर नहीं कर सकते। आरपीएफ ट्रेन के भीतर और स्टेशनों में लगातार यात्रियों के बैग की जांच कर रही है। इसी कड़ी में अभी तक 30 हजार से अधिक का पटाखा जब्त किया जा चुका है। प्लेटफार्म 1 के पास बेंच में एक व्यक्ति से पूछताछ करने पर बैग में पटाखा होना बताया और अपनी गलती स्वीकार की। इसके बाद धारा 164 रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर को सुपुर्द किया गया। पोस्ट प्रभारी रायपुर के आदेश पर आरोपी अनिल कुमार नागेश्वर के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

### जानकारी होने के बाद भी बैग में रखा पटाखा


प्लेटफार्म में सेफ्टी ड्राइव व जांच के दौरान एक व्यक्ति से संदेह के आधार पर पूछताछ की गई। इस दौरान एक प्लास्टिक बैग में विस्फोटक पदार्थ पाया गया। विस्फोटक पदार्थ को रेलवे में लाने और परिवहन करने के संबंध में कोई वैधानिक अधिकार पत्र की मांग करने पर प्रस्तुत नहीं कर सका और अपनी गलती स्वीकार की। आरोपी गंगेश्वर वर्मा को रेलवे अधिनियम की धारा 164 का उल्लंधन करना पाकर धारा 179 रेलवे एक्ट के तहत गिरफ्तार कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर लाया गया।

# बागेश्वर धाम सरकार ने योगी के बयान 'बंटोगे तो कटोगे' का किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान बंटोगे तो कटोगे का समर्थन किया है। उन्होंने कहा है कि वे भारत को एक करने 21 से 29 नवंबर तक पदयात्रा करेंगे। इसका मकसद भारत को एक करना है। हिंदुओं को जो जात-पात, भेदभाव में बंटे हैं, उन्हें एकजुट करने पदयात्रा निकाली जाएगी, क्योंकि अब करो या मरो की बारी है।

रविवार को राजधानी में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बागेश्वर धाम सरकार ने ये बातें कही। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि तुम मेरा साथ दो, मैं हिंदू राष्ट्र दूंगा। अगर हिंदू एक साथ रहेंगे, तो गैर सनातनी लोग हिंदुओं को तोड़ नहीं पाएंगे।



■ मीडिया से चर्चा में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा

### अखाड़ा परिषद की मांग बहुत अच्छी

पत्रकारों से चर्चा करते हुए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि प्रयागराज कुंभ क्षेत्र में हिंदुओं के दुकान खोलने वाली मांग का मैं समर्थन करता हूं। यह सही है कि जो लोग सनातन धर्म को नहीं मानते, वह संतों का क्या सम्मान करेंगे। उससे द्वंद्व पैदा होगा। विदित हो, प्रयागराज महाकुंभ में गैर हिंदुओं को दुकान नहीं दिए जाने के अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष के बयान का बागेश्वर धाम सरकार ने समर्थन किया है और कहा है कि अखाड़ा परिषद की मांग बहुत अच्छी है, अति उत्तम सोच है। जब राम से तुम्हारा कोई काम नहीं है, तो राम के काम से क्या काम है।

# 146 विकासखंडों में सहायक शिक्षक 11 को सीएम के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश के एलबी संवर्ग के सहायक शिक्षक अपनी पांच सूत्रीय मांग को लेकर 11 नवंबर को सभी विकासखंड मुख्यालयों में आंदोलन करेंगे। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर लामबंद हजारों शिक्षक मोदी की गारंटी लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। प्रदेश संयोजक मनीष मिश्रा, संजय शर्मा ने कहा कि सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एल बी संवर्ग को क्रमोन्नत/समयमान वेतनमान प्रदान किया जावे। इसके साथ ही समतुल्य वेतनमान में 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जावे।

शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा 2 माह का चरणबद्ध आंदोलन पूर्व सेवा गणना मिशन अभियान में तय किया गया है, जिसके तहत आंदोलन के पहले चरण में 4 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालय में ज्ञापन दिया गया। दूसरे चरण में 24 अक्तूबर को सभी जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन और रैली निकालकर शासन का ध्यान सहायक शिक्षकों के लंबित मांग की ओर आकर्षित कराया गया। इसी कड़ी में 1 नवंबर राज्य स्थापना के दिवस प्रदेश भर के शिक्षक पूर्व सेवा गणना दीप जलाकर अधिकार की मांग करने अनोखा प्रदर्शन किए। अब 11 नवंबर को प्रदेश के 146 विकास खंड में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। इसी तरह 12 नवंबर से 24 नवंबर के बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक को मांग पत्र सौपा जाएगा। 25 नवम्बर को इंद्रावती से महानदी भवन मुख्यालय तक पैदल मार्च कर मांग पत्र देंगे।

### प्रमुख मांगों पर एक नजर

- वेतन विसंगति दूर करने की मांग।
- पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित कर, भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जावे।
- सभी पात्र एलबी संवर्ग के शिक्षको के लिए क्रमोन्नति/समयमान का विभागीय आदेश जारी हो।
- शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 01 जुलाई 2024 से 3 फीसदी महंगाई भत्ता देने तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियस राशि का समायोजन जीपीएफ/सीजीपीएफ खाता में करने की मांग।

# ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग आज, मॉकपोल कर होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

■ निर्माता कंपनी के इंजीनियर देंगे प्रेजेंटेशन

रायपुर नगर दक्षिण के लिये होने वाले आगामी विधानसभा उप चुनाव में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के माध्यम से मतदान कराये जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। मतदान के लिये मशीनों को तैयार करने के क्रम में मशीनों की कमीशनिंग का कार्य मंगलवार प्रातः 10 बजे से प्रारंभ कर दिया जा ये गा , जिसकी सूचना रिटर्निंग आफिसर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-51 जिला रायपुर द्वारा चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को दी गई है।

मशीनों के कमीशनिंग का कार्य सेजबहार स्थित ई-ब्लाक शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में किया जावेगा। मतदान हेतु मशीनों को तैयार करने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिये निर्माता कंपनी मेसर्स इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद के इंजीनियर नियत तिथि के एक दिवस पूर्व रायपुर पहुंचेंगे। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के कमीशनिंग की प्रक्रिया में मेसर्स इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद के इंजीनियरों द्वारा सभी वीवीपैट मशीनों में सिंबल लोडिंग की जायेगी। सभी मशीनों में एक मत डालकर तथा रेण्डम रूप से चुने गये 5 प्रतिशत मशीनों पर 1000 मत डालकर मॉकपोल किया जायेगा।




### प्रत्याशी अवलोकन के लिए उपस्थित हों- कंगाले

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले द्वारा विधानसभा चुनाव रायपुर नगर दक्षिण में चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों से अपील की गई है कि वे कमीशनिंग की प्रक्रिया के अवलोकन के लिए नियत तिथि व समय पर उपस्थित रहकर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों की कार्य प्रणाली और इसकी निष्पक्षता के संबंध में पूरी तरह आश्वस्त हों।

### बुर्जुग और दिव्यांग मतदाता इस दिन करेंगे मतदान

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए 85 से अधिक उम्र के बुजुर्गों एवं दिव्यांग 5 एवं 6 नवंबर को मतदान कर सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने कहा, उप निर्वाचन के दौरान पूरी पारदर्शिता बरती जाएं। कोई भी मतदाता अपने मतदान के पूर्व पहचान पत्र अनिवार्य रूप से रखें। बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है।

# लभांडी की पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने स्मार्ट सिटी से मिलेगा फंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- स्मार्ट सिटी ने निगम के भेजे पत्र पर लिया संज्ञान
- बोर्ड आफ डायरेक्टर की बैठक में होगा निर्णय
- डेढ़ साल से अटका काम

रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल आउटर वार्ड के रहवासियों को पीने का साफ पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। अमृत मिशन के तहत लभांडी में बनाई गई नई पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने रायपुर स्मार्ट सिटी नगर निगम को फंड उपलब्ध कराएगी।

इस संबंध में नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी को भेजे गए पत्र को संज्ञान में लेते हुए अब इस प्रस्ताव को रायपुर स्मार्ट सिटी के संचालक मंडल की बैठक में चर्चा के लिए रखा जाएगा। बोर्ड आफ डायरेक्टर की स्वीकृति मिलते ही लभांडी सहित आसपास के रहवासियों को नई पानी टंकी से बारहों महीना पीने का शुद्ध पानी बिना किसी दिक्कत के उपलब्ध होने लगेगा। नगर निगम ने जोन 9 क्षेत्र स्थित शहीद



विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी और फुंडहर गांव में रहवासियों को पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने लभांडी और फुंडहर में 2 नई टंकी बनाई है, पर टंकियों को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन के लिए पाइप लाइन बिछाने के लिए पैसे नहीं हैं।

डेढ़ साल से यह काम अटका हुआ है। ऐसे में प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने पंद्रहवें वित्त आयोग मद से 48 करोड़ का प्रस्ताव शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा, पर डेढ़ साल बीतने के बाद इसकी मंजूरी नहीं मिली। दोनों गांव के रहवासी अब भी बोरवेल और कुंए के भरोसे अपनी प्यास बुझा रहे हैं।

### स्मार्ट सिटी से मांगा है फंड

नगर निगम के कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा के मुताबिक अमृत मिशन के तहत लभांडी में बनाई गई नई पानी टंकी से जल आपूर्ति शुरू कराने रायपुर स्मार्ट सिटी से आवश्यक राशि की मांग की गई है। इस संबंध में पत्र लिखा गया है, जिसे क्लीयर कर बोर्ड आफ डायरेक्टर की बैठक में स्वीकृति के लिए रखा जाएगा। इसकी मंजूरी मिलने पर लभांडी पानी टंकी से राइजिंग लाइन को जोड़ने और नई पाइप लाइन बिछाने का 90 फीसदी काम पूरा हो जाएगा। वहीं फुंडहर में नवनिर्मित पानी टंकी को शुरू करने वित्त आयोग मद से राशि की मांग की जाएगी।

## पेज 9 के शेष...

### पटाखा दुकान ...

से अच्छा ऐसे मेलों व अस्थायी दुकानों में पहुंचकर दुकानों में कड़ाई से कचरा डब्बा रखवाकर उसमें कचरा डालने तथा कचरे को शाम के समय गाड़ी लगाकर उसमें डालने के लिए कड़ाई से पालन कराया जाता तो इस प्रकार यू कचरा नहीं फैलता तथा सफाई भी ठीक से की जा सकती है तथा सफाई कर्मियों को दिक्कतों का सामना भी नहीं करना पड़ेगा तथा नियम का कड़ाई से पालन नहीं करने पर उक्त दुकान पर कार्रवाई करने का कार्य विभाग द्वारा किया जा सकता है।

### हत्या का आरोपी...

अपचारी बालक एवं आशीष कुमार द्वारा दौड़ाते मारते गाली गलोच करते हुए आ रहे थे, शाम करीबन 05.30 बजे ठाकुर देव स्थल तिराहा डौंडी के पास डौंडी निवासी एक विधि से संघर्षरत अपचारी बालक द्वारा जान से मार दूंगा कहकर ईंट के टुकड़ा से मेहुल साहू को जोरदार फेंककर मारा, जिससे मेहुल साहू के सिर के दाहिने तरफ़ सिर में चोंट लगने से बेहोश होकर वहीं पर गिर गया। तब प्रार्थी और यश निषाद द्वारा मोटर सायकिल से मेहुल साहू को इलाज के लिये शासकीय अस्पताल डौंडी ले गये, जहां डाक्टर ने चेक करने पर मृत्यु हो जाना बताया। डौंडी निवासी दो विधि से संघर्षरत अपचारी बालक एवं आशीष कुमार द्वारा मारपीट करने से आकाश कुमार गंधर्व के माथा में, शिवम भुआर्य के दाहिने पैर के पिंडली में, तथा रास्ते से जा रहे रुपेश धनकर निवासी डौंडी के पीठ में चोंट आयी है। घटना को चंदन जायसवाल, मोहम्मद शाहरुख एवं आसपास के लोग देखे-सुने हैं। रिपोर्ट पर धारा 103, 3 (5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान दो बालकों एवं आशीष कुमार का पता तलाश किया जो सकुनत में मिले, जिसे अभिरक्षा में लेकर थाना लाया। बताये जगह पर पुलिस द्वारा औजार जब्त किया गया है। विधि से संघर्षरत अपचारी बालकों को 4 को किशोर न्यायबोर्ड में पेश किया गया है। प्रकरण के आरोपी आशीष कुमार धनकर पिता जनक लाल धनकर 18 वर्ष 1 दिन साकिन वार्ड नं. 13 गड़रियापारा डौण्डी थाना डौण्डी को सोमवार को गिरफ्तार कर ज्युडीशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है।

**खबर संक्षेप**

### बीएसपी प्रबंधन ने सीजीएम कनरार को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तरुण कनरार को सेवानिवृत्ति पर स्टील क्लब, सेक्टर-8 में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी। के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तरुण कनरार को सम्मानित किया। श्री कनरार की पत्नी सुतापा कनरार भी उपस्थित थीं। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, बिपिन कुमार गिरी, सीएमओ डां. एम रवींद्रनाथ सपत्निक उपस्थित थे। श्री दासगुप्ता ने श्री करनार के स्वस्थ और सुखद जीवन की कामना की और उनकी लंबी सेवा अवधि के दौरान उनके सराहनीय योगदान के लिए सराहना की। श्री कनरार ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में अपने सेवा अनुभव और भविष्य की योजनाओं को साझा किया।

### छठ पर्व के लिए होगी तालाबों की सफाई

**भिलाई।** छठ पर्व के लिए टाउनशिप के तालाबों के लिए तालाबों की सफाई कराई जाएगी। इसके लिए नगर निगम द्वारा सफाई और लाइटिंग आदि के निर्देश दिए गए हैं। लोगों ने त्योहार का तैयारी भी शुरु कर दी है।

छह और सात नवंबर को लोक पर्व छठ पर लोग बड़ी तादाद में तालाबों में उमड़ेंगे। छठ का त्योहार यूपी बिहार के निवासियों द्वारा मनाया जाता है। इसे देखते हुए पार्षदों ने निगम से जल्द सभी तालाबों की सफाई की मांग की है। छठ पर सेक्टर 2 तालाब, सेक्टर 7 तालाब, जयंती स्टेडियम तालाब में व्रती परिवार के साथ सूर्योपासना के लिए पहुंचेंगे। इसे देखते हुए इन सभी तालाबों की सफाई के निर्देश दिए गए हैं। तलाबों में घाट और परिसर की सफाई, के साथ बिजली व्यवस्था आदि किया जाना है। विदित हो कि भिलाई में लाखों की संख्या में उत्तर प्रदेश बिहार के मूल निवासी रहते हैं, जो यह त्योहार दिवाली की तरह श्रद्धा हर्षोल्लास से मनाते हैं।

# भ्रष्टाचार देश की अर्थ व्यवस्था को दीमक की तरह कर रहा खोखला

**सतर्कता जागरुकता सप्ताह का समापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा, सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह का आयोजन महात्मा गांधी कलामंदिर में किया गया। समारोह में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं और निर्णायकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीएसपी के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, अशोक कुमार पंडा, पवन कुमार, बीके गिरी, सीएमओ एम रविन्द्रनाथ, केसी मिश्रा, सेफी चेयरमेन तथा ओए–बीएसपी के अध्यक्ष एन के बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह, महाप्रबंधक व एसीवीओ सत्यब्रत कर सहित संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी आदि उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत बीएसपी स्कूलों के स्कूली छात्र–छात्राओं द्वारा स्वागत गीत के बाद महाप्रबंधक सत्यब्रत कर द्वारा स्वागत भाषण दिया। अंजनी कुमार, ने कहा कि हमने हर संभव स्तर पर भ्रष्टाचार की जांच और नियंत्रण के लिए विभिन्न आईटी उपकरणों व तकनीकों का भी सहारा लिया है। आज हमारा देश प्रगति के मार्ग पर है लेकिन भ्रष्टाचार की बुराई किसी दीमक की तरह विभिन्न स्तरों पर हमारे संस्थानों और भारतीय अर्थव्यवस्था को खोखला करने का प्रयास कर रहा है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2024 के अंतर्गत सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, सेक्टर–7 में आयोजित वाद–विवाद प्रतियोगिता के विजेता छात्रों ने अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। विभास उपाध्याय, अनीता उपाध्याय और उनकी टीम को कठपुतली शो प्रदर्शन के लिए उपस्थित अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। निर्णायकों और बीएसपी स्कूलों के एथिक्स क्लब के छात्रोंको सुनीति उद्यान, सेक्टर–8 में नैतिकता के बारह स्मारकों पर अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में महाप्रबंधक संदीप गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा संचालन सहायक महाप्रबंधक (सतर्कता) मो. नौशाद आलम द्वारा किया गया था।





**कठपुतली शो व लघुफिल्मों का प्रदर्शन**

इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थी राष्ट्र की समृद्धि" विषय पर जागरूकता बढ़ाने के लिए कठपुतली शो का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं की झलकियों पर एक लघु फिल्म का भी प्रदर्षन किया गया।

## वर्क्स और नान वर्क्स एरिया में कई कार्य चल रहे ठेके पर

# भिलाई इस्पात संयंत्र में धीरे-धीरे कस रहा आउटसोर्सिंग का शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल के सबसे बड़े संयंत्र भिलाई इस्पात संयंत्र में आउटसोर्सिंग का शिकंजा तेजी से कस रहा है। इसका चौतरफा खामियाजा कर्मियों के साथ ठेका मजदूरों को भी भुगतना पड़ रहा है। यूनियनों के मुताबिक धीरे धीरे बीएसपी का किश्तों में निजीकरण किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि ओए सेफी के साथ यूनियनों द्वारा भी इस्पात उद्योगों के निजीकरण के सरकार के निजीकरण के प्रयासों की खिलाफत की जा रही है। आरआईएनएल और नगरनार इस्पात संयंत्र के घाटे में होने कारण इन उपक्रमों के निजीकरण की तैयारी जोरों पर है। सेफी द्वारा इनके निजीकरण के बजाए सेल में विलय की मांग की जा रही है। वहीं बीएसपी में भी आउटसोर्सिंग तेजी से बढ़ रहा है। यूनियनों के मुताबिक बीएसपी का भी टुकड़े टुकड़े में ठेकाकरण किया जा रहा है। संयंत्र में टाउनशिप की सफाई, बिजली की मीटर रीडिंग, सेक्टर 9 हास्पिटल में क्लीनिंग, अटेंडेंट, कुछ चिकित्सक आउसोर्स पर हैं। मैत्रीबाग का मेंटेनेंस भी निजी कंपनी देख रही है। उद्यानिकी विभाग में अधिकतर मजदूर ठेका श्रमिक हैं।

**नियमित व ठेका मजदूरों पर बढ़ रहा वर्कलोड**



**प्लांट में मेंटेनेंस का काम ठेके पर**

भिलाई इस्पात संयंत्र में कई विभागों के मेंटेनेंस का काम निजी कंपनियां कर रही हैं। लोको विभाग में 74 लोको पायलट ठेके पर हैं। आधा दर्जन बड़े काम टाटा कंपनी के पास हैं। इनके अलावा दो दर्जन से अधिक बड़ी कंपनियां कई मिलों व शाप्स के अनुभागों में सिविल, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल का काम देख रही हैं। यूनियनों के मुताबिक पहले सिविल, इलेक्ट्रिकल व मैकेनिकल के काम सीधे बीएसपी देखती थी। इसके बाद यह तीनों काम अलग अलग निजी कंपनियों को दिए जाते थे। लेकिन पिछले कुछ समय से तीनों काम एक ही कंपनी के दिए जा रहे हैं।

**हजारों ठेका मजदूर कर रहे गैर उत्पादन कार्य**

बीएसपी में एक तरफ नियमित कर्मचारी और अधिकारी तेजी से रिटायर हो रहे हैं। वहीं उतनी तेजी से ठेका मजदूरों का तादाद बढ़ रही है। संयंत्र में 22 हजार से अधिक ठेका मजदूर कार्यरत हैं। यह श्रमिक वह सभी गैर उत्पादन कार्य कर रहे हैं, जो कभी नियमित कर्मचारी किया करते थे। वर्तमान मे मात्र 12 हजार नियमित कर्मचारी और ढाई हजार अधिकारी बच रह गए हैं। मजदूरों की तरह सेवानिवृत्त अधिकारियों को भी संविदा की तरह रखा जा रहा है। यूनियनों के मुताबिक नई भर्ती नहीं किए जाने से नियमित व ठेका मजदूर दोनों पर वर्कलोड बढ़ रहा है।

**एफएसएनएल के निजीकरण से गिरा मनोबल**

भारत सरकार के चालीस साल पुराने और शुरु से प्राफिट से में रहे फेरो स्क्रेप निगम लिमिटेड का निजीकरण हो जाने से एफएसएनएल के कर्मियों के साथ बीएसपी सहित सेल के कार्मिकों का मनोबल गिरा है। यूनियनों के अनुसार एफएसएनएल भले ही सीधे सेल का उपक्रम नहीं है लेकिन सेल के सभी इस्पात संयंत्र के स्क्रैप का सप्लाई से जुड़ा था। सरकार के इस उपक्रम के निजीकरण का विरोध यूनियनों के साथ सेफी द्वारा भी कर सेल में विलय की मांग की जा रही थी। इसके बाद भी निजीकरण से यह संदेश गया कि जब एक प्राफिट वाले उपक्रम को निजीकरण हो सकता है तो अन्य उपक्रमों पर भी सरकार का शिकंजा कसता जाएगा।

# भिलाई नगर स्टेशन की बदल रही तस्वीर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप के मध्य में स्थित भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के कायाकल्प हो जाने से जल्द ही लोगों को सुविधा मिलेगी। केंद्र सरकार द्वारा देश के 749 स्टेशनों को माडल स्टेशन के रुप में विकसित किये जाने की योजना के तहत भिलाई के पचास साल पुराने इस स्टेशन का संधारण कार्य भी तेजी से चल रहा है। इससे यात्रियों को यहां कई नई सुविधाओं के साथ लंबी दूरी के एक्सप्रेस ट्रेनों के भी स्टापेज की उम्मीद बंधी है।

■ बन रहे मेन गेट प्रतीक्षालय बनकर तैयार

सेक्टर 6 चौक से लगे भिलाई नगर स्टेशन का विस्तारीकरण कार्य तेजी से चल रहा है। स्टेशन को आकर्षक रुप से बनाया जा रहा है। इसके तहत सुविधाओं को संधारित किया जा रहा है। स्टेशन के सभी प्लेटफार्म 1, 2,3,4 और 5 में में नए शेड लगाए जा चुके हैं। पूरे फर्श में टाइल्स भी लगाए गए हैं। सभी प्लेटफार्म में यूरिनल न टायलेट बनाए जा रहे हैं। फुटओवरब्रिज में नई इलेक्ट्रिकल वायरिंग और फर्निशिंग का काम जारी है। स्टेशन के महाराणा प्रताप चौक साइट पर प्रवेश गेट का निर्माण हो रहा है। टिकट काउंटर व प्रतीक्षालय कक्ष का निर्माण हो चुका है। सायकल स्टैंड की बाउंड्रीवाल का भी निर्माण हो गया है।

**लगेगी लिफ्ट और टिकट आरक्षण मशीन**

भिलाई नगर स्टेशन में यात्रियों के लिए कई नई सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इसके तहत सभी प्लेटफार्मों पर लिफ्ट लगाई जाएगी। स्टेशन में टिकट बुकिंग व आरक्षण मशीन भी लगाई जाएगी। दिव्यांग यात्रियों के लिए भी सुविधा रहेगी। इसके अलावा स्टेशन में कुछ और एक्सप्रेस गाड़ियों के स्टापेज बढ़ाए जा सकते हैं। अभी यहां लोकल, पैसेंजर व कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों के ही स्टापेज हैं। यात्री लंबे समय से यहां लंबी दूरी की गाड़ियों के स्टापेज की मांग कर रहे हैं। अभी उन्हें दुर्ग दुर्ग और पावरहाउस स्टेशन जाना पड़ता है।

# कर्मवीर संगठन की रितु ने बनाया वर्ल्ड रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग से संबद्ध उतई क्षेत्र ग्राम कातरो का सक्रिय सामाजिक संस्था कर्मवीर युवा संगठन की कार्यकारिणी सदस्य रितु कुम्भकार ने लगातार 2 घंटे 10 मिनट मकरासन योग की स्थिति में बने रहकर योगा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराया। कर्मवीर युवा संगठन के संयोजक जितेंद्र सोनी ने बताया कि रितु कुम्भकार मकरासन में लगातार 2 घण्टे 10 मिनट तक स्थिर रहने वाली विश्व की पहली बेटी है। योगा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के संस्थापक एवं निदेशक राकेश भारद्वाज ने प्रमाण पत्र व मेडल देकर रितु के नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड बनने की घोषणा की। रितु के इस उपलब्धि ने कातरो सहित आसपास के युवतियों व युवकों को योग के प्रति आकर्षित किया है और गांव का नाम विश्व पटल पर गौरवान्वित किया है।

- सवा दो घण्टे मकरासन स्थिति में रहकर रचा कीर्तिमान
- योगा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज




वहीं उनके योग प्रशिक्षक हिमांशु केसरवानी से वर्ल्ड रिकॉर्ड के बारे में अप्रैल में पता चला तो और भी कड़ी मेहनत शुरू कर दी। वह रोज सुबह 4 से 7 बजे तक लगातार मकरासन का अभ्यास करती थी। शुरुआत में ही 30 मिनट स्थाई अभ्यास के साथ शुरू हुई मेहनत 3-4 महीने में ही सवा दो घंटे का स्थाई अभ्यास होने लगा। इस मेहनत ने उसे लांगेस्ट यंगेस्ट एचीवर योगा वर्ल्ड रिकॉर्ड कैटेगिरी में अपना नाम दर्ज कराया। इस उपलब्धि के लिए अपने योग गुरु हिमांशु केशरवानी व कर्मवीर युवा संगठन कातरो के साथ माता देवंतीन बाई एवं पिता चम्पालाल कुम्भकार को दिया है। नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग के जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के दौरान स्वयं उपस्थित होकर साक्षी बने। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रितु और उनके माता-पिता को शुभकामनाएं दी कहा रितु की कड़ी मेहनत ने ग्राम कातरो को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई है।जिला पंचायत कृषि सभापति योगिता चंद्राकर ने कातरो की बेटी ने नया कीर्तिमान स्थापित कर समाज को बताया है कि बेटी किसी से कम नहीं है वह सब कुछ कर सकती है। रितु अन्य लड़कियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। रितु के इस उपलब्धि के लिए कर्मवीर युवा संगठन और शौर्य युवा संगठन के सभी पदाधिकारी, ग्राम सरपंच, उपसरपंच, पंचगण, एनवाईके दुर्ग के सलाहकार आदित्य भारद्वाज, शुभम सोनी, केवल देवांगन, मनीष, देवेंद्र, श्रीकांत, ऋषि साहू, ऋषि देवांगन सहित ग्राम व क्षेत्र के लोगों ने शुभकामनाएं दी है।

# राउत नाचा पूर्वजों द्वारा प्रदत्त अनमोल तोहफा : रमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

दीपावली त्योहार में राउत नाचा की गूंज गांवो में भाईचारा की मिठास घोलने में महती भूमिका पीढ़ी दर पीढ़ी निभाते आ रही है। विरासत में मिली राउत नाचा करते हुए घर घर जाकर जय जोहार करने में सक्रिय भूमिका निभाते है। पीढ़ी दर पीढ़ी लोग एक साथ राउत नाचा में अपनी सहभागिता अदा करते है। गाजे बाजे के साथ राउत नाचा करते हुए आगे बढ़ते रहे। लोग विदाई स्वरूप भेंट देकर विरासत पर गर्व करते है। रमेश यादव ने कहा कि राउत नाचा करते हुए घर घर जाकर जय जोहार करना हमे विरासत में मिली है। भाईचारा का यह अनमोल तोहफा पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती जा रही है। किसी जमाने में दादा जी बाद में पिता जी इसके पहले पूर्वज और अब हमारी बारी है हमारे बाद हमारी संताने की बारी आएगी विरासत की यह कड़ी




चली आ रही है और चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि हम भी आनन्द विभोर होते है जब घर घर जाकर जय जोहर करते है भाईचारा की मिठास हमे गौरणविन्त कर देती है। उन्होंने कहा कि राउत नाचा छतीसगढ़ संस्कृति की अनमोल विरासत है। रूपराम बैगा ने कहा कि दीपावली गोवर्धन पूजा पर्व मनाने के बाद राउत नाचा करते हुए गाजे बाजे के साथ घर घर जाना जय जोहार करना हमारे छत्तीसगढ़ की भाईचारा संस—ति है। मेल मिलाप का अद्भुत मिशाल है। जिसकी मिठास जन जन तक पहुंचती है। और सभी आनंदित होते है। रमेश यादव, शिवदयाल यादव, शुभभु यादव, संतराम यादव, रूपराम बैगा, जगत यादव, प्रकाश, बुधारू यादव, दूज यादव, राजा, सोहन यादव, बेनू ठाकुर, शिबू शामिल रहे।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000



KS GROUP
PUNJAB | INDIA



KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

## अंडा में श्री शिव महापुराण कथा प्रारंभ



पहले दिन 108 कलश यात्रा के साथ निकाली गई प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंडा में ग्रामीणों के सहयोग से श्री शिव महापुराण कथा 4 नवंबर से प्रारंभ हैं। पहले दिन 108 कलश यात्रा के साथ प्रभातफेरी निकाली गई। प्रवननकर्ता भगवताचार्य बालव्यास पं. सौरभ शर्मा है। आज 5 नवम्बर को नारद मोह, कुबेर पूर्ण चरित्र, शिवलिंग, 6 नवम्बर को सृष्टि वर्णन, अर्धनारीश्वर कथा, 7 नवम्बर को सती शिव चरित्र, पार्वती जन्म, शिव पार्वती विवाह, 8 नवम्बर को राम जन्म, भस्मासुर कथा, 9 नवम्बर को गणेश जन्म, कार्तिकेय जन्म, ताड़कासुर कथा, 10 नवम्बर को पंचाक्षर महिमा, पार्थिव शिवलिंग पूजन यज्ञ, चढ़ौतरी, शिव सहस्त्र नाम पूर्णाहुति किया जाएगी और इसी दिन सिद्ध रूद्रांक्ष वितरण किया जाएगा।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कर्मचारी संघ का किया गया गठन

**गुण्डरदेही।** ग्राम देवरी (क) में विभिन्न उद्देश्यों को लेकर कर्मचारी संघ का गठन किया गया। मिलाप राम साहू ने बताया कि युवाओं में राष्ट्रीयता की भावना का विकास एवं सामाजिक सद्भावना के लिए देश भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान, युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण एवं नशा उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम, गांव की स्वच्छता एवं सामाजिक उत्सव जैसे कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। यह सभी कार्यक्रम कर्मचारियों के मासिक अंशदान एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न होगा। बैठक में भरोसी राम साहू, लहुरमन देशमुख, ढाल सिंह राज, हिर्मेंद्र साहू, विजय बारले, अशोक कुमार राज, अरुण जोशी, प्रमोद साहू, पिंगला साहू, जयपाल साहू, देवेंद्र साहू, परमेश्वर मानिकपुरी, शत्रुघ्न ठाकुर, टोमन देशमुख, रमेश साहू उपस्थित थे।

### मातर उत्सव में नवा किसान भिलाई ने दी मनमोहक प्रस्तुति



**गुण्डरदेही।** ग्राम भरदाखूर्द में रविवार को मातर उत्सव मनाया गया, जहां यादव समाज व ग्रामीणों द्वारा सहाड़ा देव स्थल पर गौ माता की पूजा अर्चना कर गांव भ्रमण किया गया तत्पश्चात रात्रि में कर्मचारी समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम नवा किसान भिलाई की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम के मुख्य रूप से मंडल महामंत्री थानसिंह मंडावी शामिल हुए, जहां उनका शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। मंडावी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परंपरा को बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ में बारह महीने में छत्तीस प्रकार की त्यौहार मनाया जाता है, जिसमें सबसे बड़ा त्यौहार दीपावली को मानते हैं। इस अवसर पर पूर्व जनपद उपाधयक्ष हेमन्त साहू, डोमार मंडावी, चेतन पवार, सहज सेन, बंसत साहू, लोकेश साहू, बलदाऊ साहू, दशरथ साहू सहित अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

### नवनिर्मित भवन बना नशेड़ियों का अड्डा

**भिलाई।** नेवई भाठा व लोकनगर, स्थित निर्माणाधीन सामुदायिक भवन नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। यहां शाम होते ही नशेड़ी पहुंच जाते है और शराब आदि का सेवन करते है। यह भवन चंद्र नगर लोकनगर, न्यू नेहरू नगर, कबीर नगर, वेदांत नगर सहित संलग्न कॉलोनियों के लोगों के लिए बनाई जा रही है। श्रमिक बस्ती क्षेत्र से लगे होने की वजह से असामाजिक तत्व इस भवन में आ रहे है। लोगों द्वारा मना करने पर उन्हें धमकी दी जा रही है। लोगों ने शाम को पुलिस पेट्रोलिंग की मांग की है।

### स्कूल में अनूठी पहल माताओं ने बनाया भोजन



**भिलाई।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला रुआबांधा में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में अनोखा पहल देखने को मिला स्कूल मे पढ़ रहें बच्चों के माताओं के द्वारा स्वयं के व्यय से सामूहिक उपस्थिति दर्ज कर विद्यालय मे ही खीर पूड़ी सब्जी पकाकर कक्षा पहली से पांचवी तक के अपने बच्चों को न्योता भोजन कराया। इस प्रकार सामूहिक सहभागिता का अनोखा पहल प्रस्तुत किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरीश पटेल ने बताया कि इनसे बच्चों मे स्कूल के प्रति उत्सुकता बढ़ेगी सांथ ही सांथ बच्चों को पोषक आहार मिलता रहेगा।

## खेती-किसानी : जिले के किसान त्योहार के बाद पहुंचे खेत

# त्योहार के बाद धान कटाई में आई तेजी थ्रेशर और हार्वेस्टर का ले रहे सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में त्यौहारों का सीजन खत्म होने के बाद अब धीरे -धीरे बाजारों में चहल- पहल शुरू हो चुकी है। वहीं जिले में किसानों द्वारा अब खेतों में पक चुके धान को काटने की तैयारी के साथ कई किस्म के धान की कटाई आरंभ भी कर दी गई है। जिले में दीपावली त्यौहार के साथ एक सप्ताह तक चले अन्य पर्व मनाने के बाद लोग अपने सामान्य दिनचर्या में लौटने लगे हैं, जहां दीपावली त्यौहार मनाने के चलते लोग एक दूसरे से मिलने तथा गांव में मनाए जाने वाले त्यौहारो में व्यस्त थे। और ज्यादातर लोग दुकान खोलने के साथ काम मे आना जाना व खेत देखने भी नहीं जा रहे हैं। लेकिन अब दीपावली के साथ मनाए जाने वाला पर्व समाप्त होने के बाद अब लोग दुकान खोलने के साथ खेतों में पक चुके धान की कटाई की ओर ध्यान देने लगे हैं। जहां एक ओर जिले में हरूना किस्म की धान लगभग पक कर तैयार है। जिसे कुछ किसान दीपावली के पहले ही कटाई कर मिंजाई मे जुटे हुए थे। वहीं कुछ किसान दीपावली खत्म होने के बाद कटाई कराने के कारण रूके हुए थे जो दीपावली खत्म होने के साथ ही खेतों की और रूख करते हुए धान कटाई आरंभ कर दीये हैं। वहीं अन्य किस्म सरूना व सांभा किस्म के धान को कई जगह अभी पकने मे समय लगेगा क्योकि थोड़ी देर से लगने के कारण कई जगहो की धान अभी भी पके नहीं है और उनमे हरापक बरकरार है।



### थ्रेसर से करवा रहे मिंजाई

चूकि पूर्व मे बाहर से हार्वेस्टर आने तथा बाहर से आने वाले हार्वेस्टर सभी जगह उपलब्ध न होने के कारण लोगों को हार्वेस्टर के लिए कई कई दिन तक इंतजार करना पड़ता था लेकिन वर्तमान समय में स्थानीय स्तर पर ही हार्वेस्टर मिल जाने के कारण लोगों को धान कटाई के लिए हार्वेस्टर के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है और कई लोग हाथ से धान की कटाई कर थेसर के माध्यम से मिजाई करवा रहे है।

### कटाई के लिए करवा रहे हार्वेस्टर की मरम्मत

जहां कुछ दिनों पहले मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा था तथा आसमान में हल्के बादल देखने को मिल रहे थे जिसके कारण कई किसान ऐसे थे जो बदलते मौसम को देखते हुए अपने मेहनत की कमाई को बर्बाद होने से बचाने के लिए दीपावली के पहले ही धान कटाई कर धान को सुरक्षित जगहों में रखने में जुट गए थे। वहीं वर्तमान समय में हार्वेस्टर से कटाई के लिए हार्वेस्टर मालिकों द्वारा हार्वेस्टर के कलपुर्जो की सफाई के साथ उसकी मरम्मत की जा रही है।





### मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

**अंडा।** दीपोत्सव का पर्व दीपावली पर दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी में विभिन्न स्थानों पर मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं का विसर्जन सोमवार को गाजे-बाजे के साथ किया गया। इस दौरान युवाओं की टोली गाजे-बाजे की धून पर नचाते-थिरकते और मां लक्ष्मी के जयकारे की उद्घोष के साथ प्रतिमाओं को जलाशयों तक ले गए और विदाई गीत व आरती-मंगल के बाद प्रतिमा को विसर्जित किया गया। इस दौरान प्रतिमा विसर्जन में शामिल युवाएं काफी उत्साहित दिखे और धार्मिक जयकारे के भक्ति-भाव में विभोर रहे। इस अवसर पर गांव के बैगा सालिक राम निर्मलकर, ईश्वरी निर्मलकर, किशोर निर्मलकर, लक्ष्मण यादव, पुक्कु देशमुख, टिकेन्द्र पटेल, अमीत निर्मलकर, खिलेन्द्र निर्मकलर, ओमू निर्मकलर, दुर्गेश यदु, लोकेश विश्वकर्मा सहित समस्त ग्रामवासी चिंगरी उपस्थित थे।



### माता लक्ष्मी की मूर्ति की गई विसर्जित

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल के ग्राम रेंगाडबरी के आमापारा मोहल्ले में धनतेरस के दिन मंगलवार को मां लक्ष्मी का मूर्ति स्थापना किया गया था एवं गोवर्धन पूजा के दूसरे दिन रविवार को रेंगाडबरी के पूरे मोहल्ले में भ्रमण कराया गया तत्पश्चात सोमा नायक तालाब में विसर्जित किया गया साथ ही साथ गली भ्रमण में डीजे एवं गाजे बाजे के साथ झांकी निकालकर बहुत ही धूमधाम से नाचते गाते हुए शाम को 5:00 बजे मां लक्ष्मी की मूर्ति को विसर्जित किया गया एवं रात्रि में मनोरंजन के लिए जय मां लक्ष्मी उत्सव समिति आमापारा द्वारा भव्य रिकॉर्डिंग डांस का कार्यक्रम भी रखा गया था जिसमें युवाओं एवं ग्रामवासियों में बेहद उत्साह रहा।

## मातर उत्सव में शामिल हुए विधायक ललित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

फोटो। दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झोला में मातर त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने मातर स्थल पहुंचकर भगवान श्री कृष्ण जी की पूजा अर्चना कर यादव समाज के लोगों सहित समस्त ग्रामवासी को मातर उत्सव व भाई दूज की शुभकामनाएं दी। इस दौरान राउत नाचा की धुन पर यादव समाज व अन्य समाज के लोग जमकर थिरके। साथ ही अखाड़ा का आयोजन किया गया और रात में रंगा रंग छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुआ। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने इस बेहतर आयोजन के लिए यादव समाज सहित ग्रामवासी की सराहना किया और इसी तरह सामाजिक एकता को बनाए रखने निवेदन किया। मातर उत्सव पूरे छत्तीसगढ़ में धूमधाम से मनाया जाता हैं। छत्तीसगढ़ के गांवो में मातर, मेला मंडाई छत्तीसगढ़ की परंपरा है। यहां सुरहोती (दीपावली) के अगले दिन गोवर्धन पूजा और उसके बाद के दिन को मातर कहा जाता है। मातर में मा का अर्थ है माता और तर यानी उनकी शक्ति को जगाना। इस पर्व में गाय की पूजा की जाती है। छत्तीसगढ़ में यह पर्व मुख्य रूप से यादव राउत, ठेठवार, पहटिया समाज के लोगो के द्वारा मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मनीष बेलचंदन, गुलाब बेलचंदन, चंद्र प्रकाश बेलचंदन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश बेलचंदन दुखित बेलचंदन, अश्वनी देशमुख, पुकेश बेलचंदन, परशु पटेल, भगत यादव, वीरेन्द्र अमृत, गोपी देशमुख, परस राम, दुलार अमृत, प्रवीण यदु, फलेंद्र राजपूत, सोनू राजपूत, नवाब खान,योगेश पटेल, धनराज साहू, जसलोक, बैसाखू राम साहू, दयालु यादव, प्रीत यादव, तोरण साहू, युवराज सिंह साहू, राधेश्याम बेस, गजेन्द्र साहू सरपंच, लेखन साहू जनपद सदस्य सहित बड़ी संख्या यादव समाज के लोग व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## यादव व यदु परिवार ने मातर उत्सव पर निकाली शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में भाई-दूज व मातर उत्सव धूमधाम से मनाया गया। यदु समाज और यादव समाज ने भाई चारा का संदेश देते हुए शांतिपूर्ण मातर उत्सव मनाया। भगवान श्रीकृष्ण और बलराम का वे श भू षा शोभायात्रा में यादव और यदु की टोली में सामाजिक युवक-युवतियों और बच्चों का राउत नाचा आकर्षक रहा। दिपावली पर्व अंचल में उत्साह व उमंग से मनाया गया। इस वर्ष भी गोवर्धन पूजा और भाईदूज मातर उत्सव यादव समाज द्वारा विशेष सहयोग से मनाया गया। गोवर्धन पूजा के दिन यादव के अगुवाई में यादव बंधुओं की टोली ने बाजा के साथ घर-घर जाकर सोहई बांधने की परंपरा पूरी की गई। ग्राम अंडा, चिंगरी, कुथरेल, विनायकपुर, निकुम, जंजगिरी, चंदखुरी, ओटेबंद, सिरसिदा, परसदा, डंगनिया, नाहंदा, गुरेदा, देवरी ख, खप्परवाड़ा, तिरगा, झोला सहित अन्य गांव में हर्षोल्लास के साथ मनाया। रविवार को भगवान श्रीकृष्ण, बलराम की शोभायात्रा निकाली गई। अखाड़ा की प्रस्तुति दी गई, सहाड़ा देव स्थल पर दोपहर में यादव समाज द्वारा गौ माता की पूजा पाठ कर मातर स्थल पर गौ माता को भ्रमण किया गया और तुमा, कुम्हड़ा को गौ माता के पैर में खुदा कर शाम को महा प्रसादी खिचड़ी बनाकर पूरे गांव वाले शांतिपूर्ण से एक जगह बैठकर प्रसाद का आनंद लिए। यदु समाज और यादव समाज के ओमप्रकाश यादव, चेतन यादव, भागवत यदु, बंशी यदु, संतोष यदु, गंजनंद यदु, जहरीत यदु, मयाराम यदु, दयाराम यदु, कोमल यदु, इन्द्रजीत, दुर्गेश, पियुष, लक्ष्मण, सुर्दशन यादव, फिरंगी यादव, संतोष, इंदल, पितांबर, गैंद सहित अन्य यादव समाज व अन्य युवक-युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में राउत नाचा का प्रदर्शन किया। राउत नाचा से लोग काफी प्रभावित हुए। शोभायात्रा वार्ड के प्रमुख मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल सहाड़ा देव परिसर पहुंची, जहां मातर उत्सव का विशेष आकर्षण राउत नाचा का सभी समाज के महिला-पुरूष, बच्चों ने आनंद उठाकर खीर-खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस अवसर पर गांव के सरपंच पुष्पा देशमुख ने सभी ग्रामवासी को दिपावली पर्व की बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं दी।

- कार्यक्रम में राउत नाचा का समाज की महिला-पुरुष, बच्चों ने आनंद लिया



## कोलिहामार में मां लक्ष्मी प्रतिमा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

दीपावली पर ग्राम कोलिहामार में स्थापित मां लक्ष्मी की प्रतिमा का रविवार को गाजे बाजे के साथ विसर्जन किया गया। युवक युवतियां गाजे बाजे की धुन में नाचते थिरकते मां लक्ष्मी का जयकारा लगाते तालाब पहुंचें। इस दौरान धनंजय गजपाल, दीपक यादव, विनय, थनेश्वर महमल्ला, ज्ञानेश्वर गजपाल, नीलेश कुमार, तोषण साहू, भोजराम, निखिल साहू, रुद्रकांत, डिगेश्वर, डिगेंद्र कुमार, संतराम, किशन यादव शामिल रहे।



सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

## सुरपा में चौरड़िया परिवार का दीपावली मिलन समारोह


# 'संस्कार' विरासत का अनमोल रत्न है : चौरड़िया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

चौरड़िया परिवार द्वारा इस बार दीपावली मिलन समारोह का आयोजन सुरपा में किया गया। जहां चार पीढ़ी के करीब 100 सदस्यों ने अपनी उपस्थिति देकर समारोह में चार चांद लगाया। मिलन समारोह में लाजबाव व्यंजन अनेकों रोचक प्रतियोगिताओ का लुप्त सदस्यों ने उठाया। ठहाकों के बीच संस्कार की विरासत आदान प्रदान होती गई। विदित हो कि जामगांव आर, सुरपा, ओदरागहन, बटरेल, गुण्डरदेही, भिलाई में निवासरत चौरडिया परिवार एक छत के नीचे दीपावली और होली मिलन समारोह पूर्व चयनित स्थान पर करते है। जिसने छोटे से छोटा बच्चा और बुजुर्गों की एक साथ महफिल जमती है। जिसमें संस्कार की विरासत बंटती है। भखारा राल जैन समाज अध्यक्ष गौतम चंद चौरडिया ने कहा कि



संस्कार की विरासत बच्चे देखकर प्रभावी ढंग अच्छा सीख पाते है। माता पिता स्वयं संस्कार के लिए रोल मॉडल बने तब संस्कार की विरासत पीढ़ी दर पीढ़ी प्रभावी ढंग से बढ़ती चली जाएगी। और संतान बन पाएंगे



संस्कारित। उन्होंने कहा कि संस्कार विरासत का अनमोल रत्न है।

**संस्कार विरासत का उत्तरोत्तर क्रम सतत जारी-** पूर्व जनपद सदस्य वयोवृद्ध हस्तीमल चौरडिया समाज सेवी पूनमचंद चौरडिया, ममतामई गोदावरी बाई चौरडिया, कुसुम देवी चौरडिया प्रथम पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते है और संस्कार भरी विरासत में फल फूल रहे परिवार को देख आनंदित होते है। दूसरे पीढ़ी का प्रतिनिधित्व का सिरमौर गौतमचंद धरमचंद, संतोष, प्रेमचंद, सुरेश भीखमचंद, रूपचंद, प्रमोद, विनोद, मुकेश, जितेंद्र, तरुण, नरेंद्र, जिनेश चौरडिया आदि करते हुए संस्कार विरासत को सतत आगे उत्तरोत्तर क्रम में बढ़ा रहे है।

**बहुएं भी संस्कार की विरासत को गति देने में महती भूमिका निभाती है-** सुरपा शासकीय हाईस्कूल शाला विकास समिति अध्यक्ष प्रमोद चौरडिया ने कहा कि जब परिवार के 100 सदस्य एक साथ मिलते है संस्कार की गंगा स्वमेव प्रवाहित होने लगती है। बड़ों के चरण स्पर्श से प्रारंभ संस्कार पूर्वजों के मार्गदर्शन प्राप्त कर आगे बढ़ती है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
शिमला मनाली
4 रात व 5 दिन Ex दिल्ली
02 नवंबर से 06 नवंबर 2024, 30 नवंबर से 04 दिसंबर 2024
04 जनवरी से 08 जनवरी 2025, 04 फरवरी से 08 फरवरी 2025
12 मार्च से 16 मार्च 2025, 08 अप्रैल से 12 अप्रैल 2025
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411